हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 14 जून 2024

06 रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर ...

07 जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन में समाज की...




## खबर संक्षेप में

### मंत्री बागरी आज पहुंचेगी मां के दरबार

**नलखेड़ा।** प्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी आज शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचेगी। मंत्री बागरी तहसील के ग्राम इकलेरा में पांडव महाराज के मंदिर के



भूमिपूजन कार्यक्रम में भी भाग लेगी। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचेगी। जहाँ वे माता रानी के दर्शन कर पूजन करेगी। मंत्री बागरी दोपहर 12.45 बजे तहसील के ग्राम इकलेरा में शिव टेकरी पर निर्मित होने वाले पांडव महाराज के मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लेगी। कार्यक्रम के पश्च्यात दोपहर 2 बजे कार द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी।

### निजी स्कूलों की जांच के लिए विकासखंडवार समिति का गठन

**नलखेड़ा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा शासन निर्देशानुसार जिले के निजी विद्यालयों की फीस, यूनिफार्म, किताबें, जूते, टाई, बेल्ट क्रय करने तथा अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों आदि की जांच हेतु विकास खण्ड स्तरीय समिति गठित की गई है। विकास खण्ड आगर के लिए गठित समिति में नायब तहसीलदार गिरीश सूर्यवंशी, प्राचार्य उमावि डोंगरगांव बीएम नागर, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश द्विवेदी, बीआरसी चन्दनबाला फाफरिया को शामिल किया गया। इसी तरह विकास खण्ड सुसनेर बड़ौद के लिए तहसीलदार भंवरसिंह चौहान, व्याख्याता क.उ.मा.वि. सुसनेर जगदीश तेजरा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, बीआरसीसी सुसनेर राधेश्याम पाटीदार, प्राचार्य उमावि बड़ौद जगदीश सोनी, विकास खण्ड नलखेड़ा के लिए तहसीलदार प्रीति भिंसे, प्राचार्य हाईस्कूल चांदनगांव श्री ओमप्रकाश तोमर, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोहर सिंह चौहान, बीआरसी आगर दीपक नारायण उपाध्याय, प्राचार्य कन्या हाईस्कूल तनोड़िया दिनेश सोलंकी तथा विकास खण्ड सुसनेर हेतु नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल, प्राचार्य कउमावि. बीरेन्द्र सिंह ठाकूर, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवनारायण भिलाला, बीआरसीसी बड़ौद रामनाथ नागले तथा प्राचार्य हाईस्कूल रिंछी को शामिल करते हुए समिति का गठन किया गया है। यह समिति 16 जून तक निजी स्कूल की जांच कर अपना प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करेगी।

## प्रभावित किसानों ने की लिखित शिकायत

# कृषि भूमि पर जाने वाले रास्ते पर गहरी खाई खोदकर मार्ग किया अवरुद्ध

**तहसीलदार ने किया स्थल निरीक्षण। किसानों ने कहा- समस्या का समाधान करके हल नहीं निकाला गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राजस्व विभाग की कार्यशैली जग जाहिर है, विभागीय अधिकारीयों की लेट लतीफी और लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्र में भूमि संबंधी विवाद विकराल रूप धारण कर लेते हैं। किसानों के बीच रास्ते संबंधी विवाद, शासकीय तथा निजी भूमि पर जबरन कब्जा, गोचर भूमि हाक लेने के साथ भूमि संबंधी कई विवाद राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली के कारण ही जन्म लेते हैं। ऐसा ही मामला तहसील के ग्राम पनाली मैं सामने आया है जहां पर 15 से अधिक किसानों को अपनी कृषि भूमि पर जाने वाले पारंपरिक रास्ते को अन्य किसान द्वारा खोदकर रास्ते के बीच गहरी खाई बना दिए जाने से किसानों का खेत पर जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया। मामले में प्रभावित किसानों द्वारा तहसील कार्यालय पर लिखीत शिकायती आवेदन दिए जाने के दो माह बाद बुधवार को तहसीलदार नलखेड़ा द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण तो किया गया लेकिन समस्या का समाधान कारक हल नहीं निकाले जाने से असंतुष्ट प्रभावित किसानों द्वारा जहां शासन की हेल्प लाइन 181 पर शिकायत दर्ज करवाई गई है वहीं मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में भी गुहार लगाई जाएगी।

नलखेड़ा तहसील के ग्राम पनाली के किसान देवीसिंह, पूरसिंह, कालूसिंह, फूलसिंह, पीरुलाल, भौनीसिंह आदि ने बताया कि ग्राम में उनकी निजी स्वत्व की कृषि भूमि स्थित है। जिस पर जाने के लिए हमेशा का रूढ़ीगत रास्ता भी है। जोकि हम सभी किसानों की भूमि तक जाता है और हमेशा से चालू रास्ता है। जिस पर आने-





जाने हेतु पारंपरिक, बुजुर्गों के जमाने से हम सभी कृषक अपनी अपनी भूमि पर आने-जाने हेतु इसका उपयोग करते चले आ रहे हैं। ग्रामीण कृषकों ने बताया कि उक्त चालू रास्ता को ग्राम के ही कतिपय कृषकों द्वारा अवैध तरीके से बलपूर्वक बीच रास्ते में खाई खोदकर रास्ता अवरोध कर दिया जिससे संबंधित कृषको का अपनी-अपनी भूमि पर आने जाने का रास्ता बंद हो गया।

प्रभावित कृषकों ने बताया कि जब संबंधित से उक्त रास्ता खोल जाने को कहा गया तो उसने रास्ता खोलने से इनकार कर दिया जबकि उक्त रास्ता कृषि भूमि पर आने जाने का एकमात्र रुढ़ीगत रास्ता होकर शासकीय भूमि पर हमेशा से स्थित है जिसे खाई खोद कर रास्ता रोक दिया गया है। मजबूरन परेशान कृषकों द्वारा इस मामले को लेकर तहसील कार्यालय नलखेड़ा पर अप्रैल माह मैं एक लिखित शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया गया। किसानों ने बताया कि लिखित शिकायत के दो माह बाद भी हमारी समस्या का निवारण नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों बाद ही कृषि भूमि पर बोवनी कार्य किया जाना है। इसके पूर्व हकाई जुताई भी की जाना है, यदि समय पर कृषि कार्य नहीं किया तो हमारी भूमि से किस प्रकार हम कृषि कार्य कर सकेंगे। क्योंकि हमारी कृषि भूमि पर जाने के साथ कृषि उपकरण तथा मवेशियों के लिए भी आने जाने का रास्ता पूर्णतः अवरुद्ध हो गया है। क्योंकि हमारी भूमि पर आने-जाने हेतु अन्य दूसरा रास्ता भी नहीं है।

प्रभावित कृषको ने बताया कि बुधवार को तहसीलदार नलखेड़ा द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण तो किया गया लेकिन समस्या का समाधान कारक हल नहीं निकाले जाने से हमारी स्थिति दुबली और दो आषाढ़ वाली हो गई है। किसानों ने बताया कि रास्ते की भूमि से अवरुद्ध दूर करने हेतु शासन की हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज करवाई गई है, वहीं मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में गुहार लगाने की बात भी किसान कह रहे हैं।

**निरीक्षण किया**

ग्राम पनाली में संबंधित विवादित स्थल का मेरे द्वारा बुधवार को निरीक्षण किया गया। रास्ते की भूमि पर गहरी खाई खुदी हुई है, जिसे बंद करने का किसानों से कहा गया है। उक्त भूमि शासकीय नहीं है। इसी के साथ एक अन्य रास्ता भी किसानों को अपने खेत पर जाने हेतु बताया गया है।

**प्रीति भिंसे,** तहसीलदार नलखेड़ा, जिला आगर मालवा

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# जनसहयोग से जल स्रोतों के गहरीकरण का हो रहा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश शासन की मंशानुसार आगर-मालवा, जिले में विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरा 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित हो रहा है। अभियान के अन्तर्गत जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु व्यापक स्तर पर जनसहयोग से कार्य किये जा रहे है। जिले की ग्राम पंचायत ठिकरिया में स्टॉपडेम की मरम्मत की जा रही है, ग्राम कोठडा एवं लालाखेड़ी में कुंआ मरम्मत एवं अन्य जल स्त्रोतों का गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कालियाखेड़ी में कूएं का गहरीकरण किया जा रहा है, जिससे कुंए में वर्षभर पानी उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नदी, नालों और जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए गहरीकरण, मरम्मत एवं साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही बारिश के पानी से जल स्त्रोतों को रिचार्ज करने एवं भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के उदेदश्य से रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करवाने हेतु जागरूक कर प्रेरित किया जा रहा है।




### जिले में 3.3 एमएम वर्षा

**नलखेड़ा।** आगर-मालवा जिले में गुरूवार की सुबह 08:00 बजे तक बीते चौबीस घंटे में 3.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि में जिले के तीन तहसील आगर-नलखेड़ा में 6-6 एमएम तथा सुसनेर में 1 एमएम वर्षा दर्ज की है, जबकि बड़ौद तहसील में वर्षा नहीं हुई है। इस वर्ष अभी तक कुल 4 एमएम औसत वर्षा हुई है, पिछले वर्ष इस अवधि में 22.5 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# शाहगंज पुलिस ने किया लूट का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार, लूटा माल किया बरामद

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी ने अति.पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना क्षेत्र में लूट के प्रकरण में तत्काल आरोपी का पता लगाने हेतु दिशा निर्देश दिये थे। थाना शाहगंज पुलिस द्वारा अपराध क्र 150/24 धारा 394,34 भादवि में अज्ञात लूट के आरोपियों का पता लगाने में सफलता प्राप्त की है।

7 जून को फरियादी दीपक पिता परसराम यादव उम्र 38 साल निवासी ग्राम जवाहरखेडा थाना शाहगंज जिला सीहोर ने रिपोर्ट किया कि 7 जून को फरियादी कृषि उपज मंडी सेमरी हरचंद जिला नर्मदापुरम से धान बेचकर वापस अपने घर आ रहा था एवं धान के रुपए 95800/- उसके पास थे तभी रास्ते में नारायणपुर हनुमान मंदिर की मढ़िया के पास आम के पेड़ के नीचे दो अज्ञात व्यक्तियों ने अपनी पमोटरसाइकिल से फरियादी के ट्रैक्टर के सामने खड़ी कर सिर में डंडा मारकर जेब में रखे 95800 रुपये निकाल कर लूट लिए व



दोनों लड़के मोटरसाइकिल से भाग गए। रिपोर्ट पर थाना शाहगंज में अपराध पंजीबध्द किया गया।

**पुलिस द्वारा कार्रवाई:** उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियो की पतारसी हेतु सीसीटीवी फुटेज देखे गये एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर मुखबिर मामुर किये गये थे व अज्ञात आरोपियों की पतारसी में थे कि 11 जून को थाना प्रभारी शाहगंज को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि लूट की घटना करित करने वाले हुलिए के दो व्यक्ति मोटर साइकिल के साथ जैत जोड पर बैठे है मुखबिर की सूचना को गंम्भीरता से लेते हुए थाना प्रभारी शाहगंज द्वारा तत्काल टीम को आरोपियो की धरपकड एवं त्वरित कार्रवाई हेतु रवाना किया गया जहां जैत जोड पर दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़े गए व्यक्तियों से अपराध की घटना के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से पूछताछ की गई तो आरोपियो द्वारा 7 जून को फरियादी के साथ 95800/- रुपये की लूट करना स्वीकार किया आरोपीगणों से घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल व लूट की राशि बरामद की गई। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरी. पंकज वाडेकर, उनि कृष्णा मंडलोई, प्र.आऱ.सचिन जाट, प्र.आऱ. विघासागर, आर. नरेन्द्र चौरे, आर. अनुज यादव, आर. संदीप मेहर, आर.अनिरुध्द पटेल, आर. लोकेश जाटव, आर.चालक दिनेश गठोले, म.आर. सारिका चौहान आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सट्टा के दो आरोपियों से पचास हजार रुपए के साथ पर्ची की जब्त

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक जिला सीहोर मंयक अवस्थी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग द्वारा जिले के समस्त थानो को अवैध जुआ सट्टा की कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। उक्त तारतम्य में एसडीओपी बुधनी शशांकसिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में 10 जून को बुधनी पुलिस को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर कस्बा बुदनी से 2 आरोपी भानू वर्मा पिता मनोहरलाल वर्मा 42 निवासी बुधनी घाट बुधनी, नरेश राठौर पिता बाबूलाल राठौर 47 नि. वार्ड 8 राधकृष्ण मंदिर के पास बुधनी से सट्टा अंक लिखी पर्ची, लीड पेन व नगदी कुल 25000 रुपए एवं 2 मोबाइल फोन कीमती करीब 25000 रुपए कुल 50000 रुपए की जब्त किया जाकर आरोपियो के विरूद्ध सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही में निरी. चैनसिंह रघुवंशी, उनि संदीप जाट, प्रआऱ लोकेश रघुवंशी, प्रआऱ. सतीश रणवीर, प्रआऱ. हरिसिंह गठोले, प्रआर डॉली मौर्य, प्रआर रीना श्रीवास्तव, आर हर्षित मालवीय का योगदान रहा।

# बस व बाइक में भिड़ंत, बाइक सवार 2 लोग और बस में सवार 2 महिला यात्रियों की मौत

**शाहगंज थाना क्षेत्र के परसवाड़ा के पास हुआ हादसा, दर्जनभर यात्री हुए घायल**

**सीहोर।** बुधवार शाम करीब 6 बजे शाहंगज थाना क्षेत्र के ग्राम परसवाड़ा के समीप बस और बाइक में भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई, वहीं बस में सवार दो महिला यात्रियों की भी मौत हो गई। जबकि लगभग एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भोपाल से बकतरा जा रही चौरसिया बस बुधवार शाम जब शाहगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परसवाड़ा के समीप पहुंची तभी चालक ने सामने से बाइक पर आ रहे युवकों को बचाने का प्रयास किया।

लेकिन फिर भी बस और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार अभयराम और मंगलसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस पर काबू नहीं रख पाया और वह कुछ दूरी पर जाकर पलट गई। इससे बस में सवार दो महिलाओं चरनी



बाई और आरती बाई की बस के नीचे दबने से मौत हो गई। दोनों महिलाएं ग्राम नीमटोन निवासी बताई जाती हैं। बस पलटने से लगभग एक दर्जन यात्री भी घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। सभी घायलों को उपचार के लिए शाहगंज और बुदनी के अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रियों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

# प्रदर्शन: कलेक्ट्रेट के सामने बजरंग दल ने जलाया पाकिस्तान का पुतला, डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट के सामने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला जलाया। बजरंगियों के द्वारा वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रियों पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष जगदीश कुश्वाहा के नेतृत्व में विभिन्न पदाधिकरियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर आनंद रजावत को दिया। निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्रियों की हत्या करने वाले पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों को शीघ्र जहान्नूम पहुंचाने और इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी समुचित इलाज कराने की मांग बजरंगियों के द्वारा केंद्र सरकार से की गई।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून






को हिन्दू श्रद्धालुयों की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया था जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, जिनमे महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हैं, संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली इस घटना से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है. लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी भी कम नहीं हुआ है हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी गई हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है।

देश की नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल हिन्दू मृतक तीर्थयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। प्रदर्शन में प्रांत उपाध्यक्ष अजीत शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक, जिला मंत्री राकेश विश्वकर्मा, जिला सह मंत्री मंगलेश वर्मा, जिला सहसंयोजक आशीष सिसोदिया,जिला कौशल अध्यक्ष महेश मेवाड़ा, जिला सेवा प्रमुख गगन नामदेव, अखाड़ा प्रमुख अन्नू चौहान, नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, नगर मंत्री यग्ज्ञेश राठौर, नगर अखाड़ा प्रमुख मुकुल कुशवाहा, नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाहा, सह मंत्री गिरीश पाठक, मठ मंदिर प्रमुख शुभम कुशवाह, सह संयोजक समीर राय आदि शामिल रहे।

# जहानपुर में मूंग की नरवाई जलाते समय हादसा: खेत में बनी झोपड़ी में आग लगने से भूसा समेत लाखों के कृषि यंत्र जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुदनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जहानपुर में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां खेत में मूंग की नरवाई जलाते समय आग फैल गई और खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में रखा भूसा और लाखों रुपए का खेती का सामान भी जलकर खाक हो गया। वहीं, सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार सुबह 11:30 बजे हुआ। रवेंद्र सराठे व जितेंद्र सराठे के खेत में मूंग की नरवाई जलाई जा रही थी, उसी दौरान आग अचानक



फैल गई और खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई, जिससे भूसा और अन्य कृषि यंत्र जल गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत आग पर काबू पाने की कोशिश की और फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

किसान के अनुसार झोपड़ी में रखा भूसा और खेती के उपकरण जल गए, जिसमें उसे करीब 1.5 लाख का नुकसान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कमल सिंह सेंधव के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**चापडा।** ग्राम अवल्दा निवासी हाल मुकाम चापडा स्व. फतेह सिंह पटेल के पुत्र उदयसिंह ,विजेन्द्र सिंह के बड़े भाई ,एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सेवा प्रमुख राजेश सिंह पटेल,प्रदीप( बबलू) पटेल के पिता कमल सिंह पटेल का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। निधन हो पर धर्मेंद्र सिंह सेंधव, राजेश दुग्गड, प्रहलाद पाटीदार,संजय सूर्या,पवन पाटीदार, बलवान सिंह सेंधव, डाक्टर जेसी यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### महेश नवमी पर निकलेगी शोभा यात्रा

**देवास।** माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा एवं उत्सव मंत्री मनीष भूतड़ा ने बताया कि 8 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव का समापन 15 जून को किया जा रहा है। 15 जून को सुबह भगवान महेश का अभिषेक एवं आरती की जाएगी। इसके पश्चात समाज की साधारण सभा सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी। पहली बार शाम को 5 बजे भव्य शोभा यात्रा श्री सांवलिया नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्रीराम मंदिर भेरूगढ़ पर संपन्न होगी। शोभा यात्रा में प्रसिद्ध भजन सम्राट द्वारका मंत्री अपने सहयोगियों के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे। शोभा यात्रा में पुरूष वर्ग सफेद वस्त्र व महिला केशरिया साड़ी एवं समाज के युवा कपल मारवाड़ी वेश भूषा पहनकर भगवान महेश की जय जय कार करते हुए चलेंगे। इस अवसर पर समाज के संरक्षक ओमप्रकाश तापड़िया एवं गिरधर सिंगी भी उपस्थित रहेंगे। सायं 7 बजे मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं 8 दिवसीय महोत्सव का समापन समारोह होगा। जिसमें मुख्य अतिथि जिम्मी बाहेती सीईओ जनपद पंचायत तिल्लोर रहेंगी। कार्यक्रम पश्चात सपरिवार सहभोज होगा। महोत्सव के अंतर्गत महिला संगठन ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया था। जिसमें रेखा लाठी, शशि माहेश्वरी, सारिका झंवर, शगुन झंवर, अभिषेक लाठी आदि ने रक्त देकर रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

### अमृत संचय अभियान के संबंध में कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक

# रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर बरसात के पानी का संचय करें: कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि आप भी आगे आये, बरसात के जल को सहेजने के लिए रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये। बरसात का पानी जमीन में उतारेंगे तो निश्चित भू-जल स्तर में वृद्धि होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमृत संचय अभियान के संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में व्यापारी और सामाजिक संगठनों की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, डॉ समीरा नईम, अमृत संचय अभियान के सुनील चतुर्वेदी, गंगा सिंह सोलंकी, मोहन वर्मा, श्रीकांत उपाध्याय सहित सभी व्यापारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने व्यापारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये और रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम से पानी का संचय करें। जिला प्रशासन द्वारा बरसात के जल को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। आप भी आगे आये और बरसात के जल को सहेजने के लिए रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये। यदि बरसात का पानी रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक के माध्यम से जमीन में उतारेंगे तो निश्चित भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। ट्यूबवेल के पानी की हार्डनेस भी कम हो जायेगी, क्योंकि बरसात का पानी सॉफ्ट है। यही बारिश का पानी बहकर सड़कों तक नहीं पहुंचेगा तो शहर में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या नहीं होगी। गुप्ता ने कहा कि बरसात से पहले छतों को अच्छे से साफ कर लें। जिन घरों में बोरिंग नहीं है, वहां घर में गढ्ढा खोदकर प्लास्टिक की पानी की टंकी का तला काटकर गढ्ढे में रखे, जिससे पानी जमीन में जा सकें। बैठक में बताया गया कि शहर में वर्षाजल को बचाने के लिए जागरूकता अभियान, तकनीकि मार्गदर्शन, जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन, दस्तावाजिकरण कार्य किया जायेगा। पानी का संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। पहले ट्यूबवेल में पानी कम गहरायी पर मिल जाता था, वहीं आज अधिक गहरायी पर भी पानी नहीं मिल रहा है।

# सीएमएचओ कार्यालय में सवा चार करोड़ की हेराफेरी

### कलेक्टर को भेजी जांच रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वास्थ्य विभाग में हुए पेंशन घोटाले के मामले की जांच पूरी हो गई है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर के पास आ गई है। करीब सौ पेज की इस रिपोर्ट में 50 से अधिक लोगों को दोषी पाया गया है। इनमें कर्मचारियों के साथ ही अधिकारियों की संलिप्तता की बात भी कही जा रही है। फिलहाल जांच रिपोर्ट कलेक्टर के पास है और किसी का नाम उजागर नहीं हुआ है, लेकिन जांच की रिपोर्ट के बाद से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा है।

अधिकारियों कर्मचारियों तक में कानाफूसी हो रही है। मामले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता का कहना है कि सीएमएचओ कार्यालय में एरियर के भुगतान में गड़बड़ी की बात सामने आई थी। इसकी जांच हुई थी। जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। इसमें सवा चार करोड़ रुपये की अनियमितता सामने आई है। इस रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं। इसके बाद कार्रवाई करेंगे। इसमें काफी लोगों की संलिप्तता हो सकती है, लेकिन यह नहीं कह सकते कि सभी दोषी हो। तीन से चार दिन में सभी के नाम सामने आ जाएंगे। दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई करेंगे। एफआईआर दर्ज करवाएंगे। पुलिस विवेचना में यदि किसी अन्य के नाम आते हैं तो उन पर भी कार्रवाई करेंगे।बीते दिनों भूमि संरक्षण विभाग में भी उक्त मामला सामने आया था जिसमे डीडीओ सहित एक अन्य पर एफआईआर की गई थीं। जिसमे डीडीओ की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। वही अन्य फरार है। वही सीएमएचओ कार्यालय में लगभग 4.25 करोड़ का घोटाला हुआ हैं । घोटाले में कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपने मित्रो, रिश्तदारों को पैसे ट्रांसफर किए है।

# खुदे हुए बीमा रोड को जल्द से जल्द बनवाया जाए: कानूनगो

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड क्र.9 के पार्षद पं. दीपेश कानूनगो ने निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया से मुलाकात कर बीमा रोड चौराहे से बाबा रामदेव चौराहे तक खोदे गए रोड को जल्द से जल्द बनवाने के लिए चर्चा की। जिसमें बताया गया कि काया कल्प योजना के तहत इस रोड को बनाने के लिए 68 लाख रूपये पास हो चुके हैं, और विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के दो चार दिन पहले इस रोड को खोद दिया गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव होने के बाद भी अभी तक यहां पर रोड का निर्माण नहीं किया गया है, इस विषय को लेकर पहले भी संबंधित इंजीनियर से शिकायत की गई थी। कानूनगो ने बताया कि अब बारिश प्रारंभ हो चुकी है, और रोड़ नहीं बनने की स्थिति में यहां पर दुर्घटना एवं जन हानि होने की आशंका बढ रही है, क्योंकि पानी भरने के बाद इस खुदे हुए रोड के गड्डे में गिरने का खतरा बढ गया है। खुदे हुए रोड की मिट्टी भी सड़क पर फैल रही है जिससे कि वाहनों के फिसलने का खतरा बढ़ गया है। कानूनगो ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द इस रोड का निर्माण नहीं किया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस पर पिपलोनिया ने आश्वासन दिया है कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर नाना निगम, फारूख नागोरी, राजा ठाकुर, सिद्धु डागोरा, जीवन श्रीवास, प्रथम पंवार उपस्थित थे।

# चापडा चौराहे पर कंटेनर की चपेट में आने से हुई एक बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा




चौराहे पर गुरुवार की शाम दिल दहलाने वाला हादसा हुआ, जिसमें कंटेनर के पहियों में दबने से एक मासूम की मौत हो गई।चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि जितेंद्र पिता रामगोपाल माली निवासी मातमोर अपनी पत्नी के साथ चापडा अस्पताल आया था, अस्पताल से वापस घर जा रहा था,उसी दौरान मृतक बच्चे का पिता कंटेनर को ओवरटेक कर आगे निकल रहा था, आगे वाहन होने के कारण बाईक उक्त वाहन से टकरा गई ओर गिर गई। इस दौरान बच्चें के माता-पिता यादव होटल कि तरफ गिर गए और पुत्र केशव पिता जितेंद्र माली 8 माह का बच्चा कंटेनर की ओर गिर गया। बच्चा कंटेनर के पीछे टायर की चपेट में आ गया, जिसमें बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। चौराहे पर उपस्थित भीड़ ने कंटेनर चालक को रोक कर मारपीट भी की। हादसे के दौरान बच्चें की मौत होने पर मां का रो रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे में गोंद में खेल रहा बच्चा पलक झपकते ही दुनिया से चला गया ओर गोद सूनी कर गया। सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त कंटेनर को चौकी पर खड़ा कर लिया गया है एवं चालक को भी राउंड ऑफ कर लिया गया है। नाहर ने बताया कि बच्चों के शव को 108 की मदद से शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया। जहां पर शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर 26 जून को मुख्यमंत्री निवास पर होगा प्रदेश सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी 26 जून को देश में आपातकाल लगाने के 50 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। समारोह को यादगार बनाने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक विगत दिनों भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जून को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष मीसा बंदी इंदरसिंह ठाकुर ने देते हुए बताया कि सम्मेलन में देवास जिले के मीसा बंदी एवं लोकतंत्र प्रहरी भी शामिल होंगे। सम्मेलन में सिर्फ प्रवेश पत्र के आधर पर प्रवेश की अनुमति होगी जो संगठन को 2 हजार का वार्षिक शुल्क जमा करते हैं। प्रदेश सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक, महामंत्री सुरेन्द्र द्विवेदी, गिरिश शर्मा, डॉ. तेजसिंह सेंधव ने भी सम्बोधित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि केन्द्र सरकार आपातकाल के 50 वर्ष पूण्र होने पर डाक टिकट व स्मृति सिक्का जारी करे। इसके साथ ही आपातकाल की अवधि में हुए बर्बर अत्याचारों को लेकर दो हजार पन्नों का महाग्रंथ भी प्रकाशित किया जाएगा।

# तेज बारिश और हवा-आंधी से टूटे बिजली के खंभे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



बुधवार शाम 6:30 से रात 9:30 बजे तक करनावद क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए। दिन भर की तेज गर्मी एवं उमस के बाद शाम को अचानक 6:30 बजे बाद तेज़ बारिश होना आरंभ हो गई और बिजली कड़कना शुरू हो गई। तेज हवा आंधी के साथ करीब ढाई घंटे तक करनावद क्षेत्र के हीरापुर विश्राम होरियाखो करनावद फाटा सहित पूरे क्षेत्र में काफी तेज बारिश हुई।

जिसकी वजह से विश्राम रोड पर कई बड़े-बड़े पेड़ हवा आंधी के चलते धरा शाही होकर जमीन पर गिर गए और विद्युत पोल भी हवा आंधी के चलते गिर गए और कई जगह पर विद्युत तार टूटने की वजह से लाइट बंद हो गई जो कि गुरुवार शाम समाचार लिखे जाने तक चालू नहीं हो सकी, जिसके कारण नगर परिषद के चार वार्डो में बिजली नहीं होने की वजह से अंधेरा छाया रहा, जिसके चलते ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा।वही दूसरी और गुरुवार को दोपहर में फिर से हुई झमाझम बरिश से किसानों के चेहरे खिल उठे, क्योंकि बुधवार शाम को भी क्षेत्र में अच्छी बारिश हों गई थीं और गुरुवार को ही बारिश के बाद भी क्षेत्र के नदी नाले तूफान पर आ गए है, जिसके चलते अब क्षेत्र के किसानों को पानी खुलने के बाद सोयाबीन एवं अन्य फसल बोने में परेशानी नहीं होगी क्योंकि क्षेत्र में पर्याप्त बारिश हो गई है।

**बंद लाईट को कर रहे चालू**

चापड़ा से आने वाली 33 केवी लाइन की मां नर्मदा कोल्डस्टोर के पास खंबे पर इंसुलेटर फुटने से लाइन बंद है एवं तार टूटने से विश्राम होरियाखो की लाइट बंद हैं, जिसे जल्द ही चालु करवा दिया जाएगा।

**रंजीत पाल,** कनिष्ठअभियंता करनावद

### तेज बारिश के कारण निर्मित जल जमाव की समस्या का किया तत्काल निराकरण

# बारिश के बाद अग्रवाल ने जल जमाव वाले क्षेत्रों का किया भ्रमण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार रात्रि को शहर मे अचानक हुई तेज बारिश से कुछ वार्डो मे जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हुई। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बारिश मे जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो इस हेतु गत माह से ही नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य आरंभ करवा दिया गया था, जो निरंतर चल रहा है। निगम की नाला गैंग एवं वार्ड के सफाई मित्रो के साथ मिलकर संबंधित अधिकारियों के द्वारा विगत माह से नाला एवं नाली सफाई तथा चिन्हित जल जमाव के स्थानो पर पानी निकासी की व्यवस्था पर कार्य किया जा रहा है, जिन वार्डो मे जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होती है। उन स्थानों के बडे नालो एवं नालियो की सफाई निगम की टीम द्वारा तेज गति से की जा रही है। गत बुधवार को रात्रि मे हुई तेज बारिश से कुछ वार्डो मे जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हुई। विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने तत्काल देर रात्रि को वार्ड मे पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा वहां के रहवासियों से चर्चा की। निगम की टीम बारिश होने के पूर्व से ही अलर्ट थी। निगम की टीम एवं अधिकारीयों द्वारा जहां जहां जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हुई वहां से पानी निकासी का कार्य किया गया। रहवासियों द्वारा जल्द ही पानी की निकासी के निराकरण पर अग्रवाल का आभार मानते हुए निगम की टीम को धन्यवाद दिया। अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम मे आयुक्त रजनीश कसेरा से पूर्व मे ही चर्चा कर बारिश के दिनों मे जल जमाव एवं अन्य समस्याओं के निपटान के लिए प्रथक से दल गठित किए जाने हेतु चर्चा हुई थी। चर्चा के दौरान ही आयुक्त ने दिन व रात्रिकालीन के लिए प्रथक प्रथक दो दल सम्पूर्ण वर्षाकाल मे जल जमाव की स्थिति से निपटने के लिए गठित करवाए गए। अग्रवाल के भ्रमण के दौरान निगम अधिकारी एवं टीम उपस्थित रही।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का पंचायत सचिव संगठन ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल बागली पहुंचे थे। जहां पर वह जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। इस दौरान जनपद पंचायत बागली की और से सीईओ राजू मेढा द्वारा चित्र भेंट कर मंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान पंचायत सचिव संगठन प्रदेश मंत्री शोभाराम जाट एवं बागली तहसील अध्यक्ष नारायण सिंह सेंधव के नेतृत्व में भगवान महाकाल का स्मृति चित्र भेंट कर मंत्री प्रहलाद पटेल का अभिनंदन कर स्वागत किया। ग्राम पंचायत बरझाई में सरपंच रेखा बाई कर्मा, हरिसिंह कर्मा, सचिव मनोहर यादव, रोजगार सहायक नवीन तंवर व्दारा मंत्री प्रहलाद पटेल का पंचायत कि ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री शोभाराम जाट, सम्भाग उपाध्यक्ष शंकर लाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सिंह सेंधव, राकेश वैष्णव, उमाशंकर दुबे, तेजसिंह बागवान, लाखन सिंह सेंधव, हिम्मत सिंह सेंधव, दीपिका जोशी, ज्योति पाटीदार कंचन आर्य आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफॉर्मर में नहीं लगा कट आउट बॉक्स, हादसों का बना रहता है अंदेशा

**सीहोर।** सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम जता खेड़ा में पंचायत भवन व शासकीय प्राथमिक विद्यालय के पास मैन रोड पर विद्युत का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है, रोड से डीपी की दूरी लगभग 8 से 10 फीट है जो की रोड की पटरी पर लगी हुई है, इसी रोड पर ग्राम वासियों के मवेशी भी निकालते हैं। ट्रांसफॉर्मर के नीचे कट आउट बॉक्स नहीं लगा है। खुले तार लगे पड़े हुए है, जिससे हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन से खुले तारों की ऊंचाई 3 से 4 फीट है, जिससे कोई भी इसकी चपेट में आ सकता है। साथ ही इसी जगह पर पानी की टंकी से महिलाएं पानी भर कर ले जाती है, यहीं से ग्रामीणों के मवेशी निकलते हैं। इसके अलावा यहीं पर प्राथमिक स्कूल है, बच्चे भी बिजली के तारों की चपेट में आ सकते हैं। ग्राम जता खेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के खुले तारों की जगह पर बिजली कंपनी को जल्द ही कट आउट बॉक्स लगाना चाहिए, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### विधि-विधान से की कुलदेवी की पूजा-अर्चना

**सीहोर।** सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ, मांझी पंचायत सीहोर समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार जेठ महीने में होने वाली सामाजिक कुलदेवी मरी माता के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मांझी समाज अध्यक्ष ने बताया कि अच्छी बारिश की कामना को लेकर हर साल पूजा की जाती है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

# जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन में समाज की अधिक से अधिक भागीदारी हो: पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदियों को पुर्नजीवित करने और पर्यविरण संरक्षण के लिए अधधिक से अधिक पोधरोपड़ करना होगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जिले के आष्टा के ग्राम गोविंदपुरा, सिद्दीकगंज में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मंत्री श्री पटेल आष्टा में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्वती नदी के उद्गम स्थल पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पार्वती नदी के किनारे हर एक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये। इसके साथ ही वर्षा के जल को अधिक से अधिक रोकने के लिए प्रयास करना होगा। जहाँ भी जगह हो पानी को रोका जाए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य है कि जन समुदाय की भागीदारी से सभी जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। मंत्री पटेल ने कहा कि जीवन में सभी लोग पूजा पाठ करते हैं। मॉ पार्वती नदी एक प्रकार से हमारी जीवनदायिनी मॉ है। ये हमारे जीवन को उज्जवल और उन्नत करने में सहायक होती है ।

ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हो, हर व्यक्ति को विशेष अवसर पर अपने परिजनों, विशेष व्यक्तियों की याद में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख भी नियमित रूप से करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस तरह हरियाली कम हो रही है उसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि 40-50 साल बाद क्या स्थिति होगी। मॉ नर्मदा में पानी नहीं होगा तब जीवन कितना कठिनाइयों से भरा होग। पहले की पार्वती नदी की स्थिति और आज पार्वती नदी की स्थिति कैसी है। नदी किनारे जो पौधे थे उनका नष्ट होने का दुश्परिणाम देखने मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित और स्वस्थ्य जल संरक्षण और पौघा लगाने का संकल्प प्रत्येक व्यक्ति को लेना होगा। जहां भी खाली जगह हो वहां पौधरोपण करना होगा।

नदी को मॉ का दर्जा दिया गया है। जिस मां ने हमें पैदा किया है उसकी चिंता करना हमारा कर्तव्य है । नदी उदगम स्थल को जीवित बनाए रखने के लिए उसका संरक्षण और संवर्धन करना होगा। यदि हम नदियों के पास पौधे लगाएं तो यह पूजा पाठ से कम नही है । उन्होंने कहा कि जो पौधे लगाए हैं, उनको 95 फ़ीसदी से 97 फ़ीसदी तक बचाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम में आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, धरासिंह पटेल,प्रताप जाट मंडल अध्यक्ष,राजेंद्र धरवा,सजन सिंह सरपंच गोविंद्रपूरा,



लक्ष्मी नारायण वर्मा,अमर सिंह चौहान सरपंच,जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी स्वती मिश्रा अनुविभागी अधिकारी आष्टा अविनाश सोनानिया तहसीलदार जावर अमित व्यास जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नेवज नदी के अस्तित्व को समाप्त करने को आतुर है नगर परिषद: मनोज वैध

### किनारों पर हो रही पिंचिग में कर रहे भ्रष्टाचार



**जावर।** नेवेज नदी में हो रहे निर्माणकार्य को देखते हुए पूर्व नपध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विकास के नाम पर भ्रष्टाचार से नेवज नदी के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुली है नगर परिषद जावर संपूर्ण नगर में उक्त कार्य को लेकर के आम जनसाधारण में रोस व्याप्त है पत्रकारों को प्रेस नोट जारी कर गंभीर आरोप लगाते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य द्वारा ने कहा है कि उनके द्वारा पूर्व में भी एक वीडियो जनसाधारण एवं समस्त जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों को अवगत कराने के उद्देश्य से पिछले कुछ मह पर्व सोशल मीडिया पर डाला गया था उसमें उन्होंने कहा कि नगर में जो नेवज नदी के दोनों किनारो पर पाल के ऊपर जो पत्थर लगाकर पिचिंग का कार्य चल रहा है। उसमें भारी भ्रष्टाचार एवं अनियमिताएं की जा रही हैं उसे भारी बरसात के पहले वक्त रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भारी नुकसान होगा। कुछ दिन पूर्व बरसात आई थी उसमें ही जावर नगर परिषद द्वारा किए जा रहे सुनियोजित भ्रष्टाचार की पोल खुल गई।

कई जगह से पत्थर खिसककर के नदी के तले पर आ गए पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने बताया कि अभी तो पूरी तरह से बरसात प्रारंभ भी नहीं हुई है और अभी से यह स्थिति है तो जावर नगरवासी नेवज नदी के वेग को अच्छी तरह से जानते हैं जब नदी में पानी का वेग होता है तब क्या स्थिति निर्मित होगी यह अभी से सभी को ज्ञात है इसी वजह से पूरे नगर में इस विकास कार्य को लेकर के रोश व्याप्त है नागरिकों को यह पिचिंग विकास कार्य कम और विनाश कार्य ज्यादा लग रहा है।

पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने कहा की सरकार नदी गहरीकरण के लिए कार्य करती हैं परंतु नगर परिषद जावर में खुलेआम नदी विकास के नाम पर किया जा रहा भ्रष्टाचार नदी को उथला बना रहा है यदि ऐसे ही रहा तो जावर नगर की पहचान एवं आस्था की प्रतीक नेवज नदी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। जिसमें कोई कोर कसर नगर परिषद जावर नहीं छोड़ रही है पूर्व अध्यक्ष वैद्य ने कहा कि ऐसा कैसा एस्टीमेट बन सकता है जिसमें बगैर लोहे की जाली एवं पत्थरों के बीच में बगैर कंक्रीट माल की फीलिंग हो और फीलिंग और पिचिंग का कार्य मिट्टी द्वारा किया जा रहा है और यदि एस्टीमेट में यह है तो यह सुनियोजित भ्रष्टाचार है लगभग दो करोड़ के लागत से हो रहे इस पिचिंग निर्माण कार्य में भारी अनियमित बढ़ती जा रही है जिसकी शिकायत हमारे द्वारा लोकायुक्त कार्यालय भोपाल, मुख्यमंत्री आवास भोपाल, प्रमुख सचिव नगरी प्रशासन मध्य प्रदेश ,आयुक्त नगरी प्रशासन संयुक्त संचालक एवं कलेक्टर सीहोर को लिखित शिकायत की गई है।

जल्द ही अनियमितता बरतने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं की गई तो हमारे द्वारा जल्दी ही मुख्य बाजार गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहुंचे किलेरामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह मंगलवार को किलेरामा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के महासचिव कैलाश परमार के काका माखनसिंह परमार के निधन पर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनत्व और प्रगाढ़ता ये दो शब्द हैं जो हमे सभी प्रकार के भेद-विभेद से परे सुख-दुख में साथ देने के लिए प्रेरित करते हैं। किलेरामा ग्राम प्रगतिशील कृषि का प्रयोगी रहा है। गांव के बुजुर्ग माखनसिंह परमार ने एक कृषक के रूप में अपने सफल जीवन को जिया, मैं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। सिंह ने कहा कि जीवन को सादगी ,संतुलन और सक्रियता से जीने का निरन्तर उपक्रम करना चाहिए।

उन्होंने माखन सिंह के पुत्र श्रीराम, लक्ष्मीनारायण और अशोक से चर्चा कर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र मालवीय, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, वरिष्ठ पार्षद भैया मियां, दशरथ सिंह मुरावर, डॉक्टर ओपी वर्मा, प्रदीप प्रगति, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, लोकेंद्र बनवट, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, नरेन्द्र कुशवाह, सुभाष नामदेव, इदरीस मंसूरी, नईमुद्दीन, धर्मेंद्र ठाकुर, चंदर ठाकुर, अर्जुन अजय,मसूद खान मौजूद थे।

# दुबे के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अगल पहचान स्थापित करने वाले शिक्षक सतीश दुबे की हृदयघात से गत दिनों निधन होने पर स्थानीय श्री साईं पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल जावर में एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि तथा शिक्षक साथी ने उपस्थित होकर अपने दिवंगत शिक्षक साथी स्वर्गीय दुबे को अपने शब्दो से भावांजलि तथा पुष्पों के माध्यम से पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। श्रद्धांजलि सभा में शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में सर्वश्री कमल कुमार जैन,अरविंद अजमेरा, दिनेश बाहेती,डॉओम प्रकाश दुबे, राजकुमार सोनी, बाबूलाल पटेल, मेहरवान सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह,श्याम शर्मा, जयनारायण राठौर, अनिल अजमेरा, बाबूलाल अध्यापक, कमल सिंह,संजय अजमेरा, जयंत बिल्लोरे, मुकेश पांचाल, मनोज अजमेरा, कमलेश खत्री,मनोज वेध, तेजसिंह कप्तान, तेजपाल ठाकुर श्री साई पब्लिक स्कूल, शिवम सोनी, राजेन्द्र सिंह, वीरेंद्रसिंह, प्रभुलाल मालवीय, अकबर सिद्दीकी, अशोक मालवीय, शंकर लाल गुप्ता, दिनेश खत्री, मयंक, राजपाल सिंह, अंकित अजमेरा, गुलाब सिंह, धर्मेन्द्र सिंह सरपंच, कृपाल, सोबल सिंह,धर्मेन्द्र, देवेंद्र भावसार, संजय जायसवाल, विजेंद्र सिंह कुंजड़ा, रवि राठौर आदि उपस्थित थे।

# जिनवाणी को वस्त्र में रखकर रजत विमान में किया विराजमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्रुत पंचमी महापर्व मंगलवार को उपकार दिवस के रूप में मनाया गया। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर, श्री चन्द्रप्रभु मंदिर नजर गंज, श्री नेमीनाथ जिन मंदिर साईं कॉलोनी में जिनवाणी को वस्त्र में रखकर रजत विमान में विराजमान कर जय-जय, जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रुत पंचमी के दिन जैन धर्मावलंबी मंदिरों में प्राकृत, संस्कृत, प्राचीन भाषाओं में हस्तलिखित प्राचीन मूल शास्त्रों को शास्त्र भंडार से बाहर निकालकर, शास्त्र-भंडारों की साफ-सफाई करके, प्राचीनतम शास्त्रों की सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें नए वस्त्रों में लपेटकर सुरक्षित किया जाता है तथा इन ग्रंथों को भगवान की वेदी के समीप विराजमान करके उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। क्योंकि इसी दिन जैन शास्त्र लिखकर उनकी पूजा की गई थी, उससे पहले जैन ज्ञान मौखिक रूप में आचार्य परंपरा से चल रहा था। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को पर्व को मनाया गया।

# लड़की ने रची खुद के अपहरण की झूठी कहानी: पुलिस ने 3 घंटे में दोस्त के घर से ढूंढा, की जा रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




आष्टा के सेमनरी रोड से खुद के अपहरण की झूठी कहानी बनाकर अपने परिवार और पुलिस को गुमराह करने वाली लड़की और उसके दोस्तों को आष्टा पुलिस ने 3 घंटे से भी कम समय में पकड़ लिया। पुलिस लड़की और उसके साथियों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि 10 जून को फरियादी महेश पिता हरिप्रसाद विश्वकर्मा ने थाने पर शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसकी बेटी कृतिका विश्वकर्मा अपनी सहेली निकिता मेवाड़ा के साथ शाम 4 बजे पंकज राव सर के पास संगीत क्लास गई थी।


इसके बाद करीब साढे 6 बजे जब वह अपनी सहेली के साथ वापस आ रही थी, तभी जितेन्द्र शर्मा के घर के पास दो अज्ञात लड़के अपनी बाइक से आए और सहेली निकिता को धक्का दिया और जबरदस्ती कृतिका का मुंह पकड़ कर गाड़ी पर बैठा कर ले गए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने तत्काल जिले की विभिन्न टीमें गठित कर लड़की की तलाश शुरू की। इसके बाद टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले। नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली गिरीश दुबे की टीम ने अपहर्ता को उसके पुरूष मित्र के घर सीहोर से बरामद किया। आष्टा थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि युवती से बात करने पर पता चला कि आयुष विश्वकर्मा और कृतिका पूर्व से एक दूसरे के परिचित हैं।

दोनों एक दूसरे से मोबाइल पर बातचीत भी करते थे। लड़की के माता-पिता उनके रिश्ते से सहमत नहीं थे। इसके बाद कृतिका ने अपने मित्र के साथ मिलकर खुद के अपहरण की झूठी कहानी बनाई। पुलिस लड़की और उसके साथियों से पूछताछ कर रही है।

### शहर के प्रमुख चौराहों को कराया अतिक्रमण मुक्त

# यातायात पुलिस ने ठेले वालों पर लगाया जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के अस्पताल चौराहा, अलीपुर, भोपाल नाका, मंडी गेट सहित कई प्रमुख मार्गों पर ठेले खड़े रहते है। इस कारण कई बार दुर्घटना घटित हो जाती है। इसी को देखते हुए यातायात पुलिस ने सोमवार शाम शहर के प्रमुख चौराहों से ठेले वालों पर 3500 का जुर्माना भी लगाया। यातायात चौकी प्रभारी ललित कुमार दुबे ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ठेले खड़े रहते हैं। जिससे ट्रैफिक बाधित होता है, इसी को देखते हुए लगातार मुहिम चलाई जा रही है। रात्रि में भी भोपाल नाका, अस्पताल चौराहा, अलीपुर, मंडी गेट क्षेत्र में चौराहों पर खड़े ठेलों पर चालानी कार्रवाई की और चौराहे को मुक्त कराया आगे भी यहां कार्रवाई जारी रहेगी। इन चौराहों पर पुलिस आती है और ठेले वाले भाग जाते हैं फिर आ जाते हैं। शहर के प्रमुख चौराहों पर ठेले वालों की यह स्थिति है कि पुलिस चालानी कार्रवाई करने के बाद भी बाज नहीं आते हैं जैसे ही पुलिस जाती है फिर वापस चौराहों पर आकर खड़े हो जाते हैं। सबसे ज्यादा अस्पताल चौराहे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। यहां पर समय-समय पर पुलिस कार्रवाई भी करती है लेकिन उसके बाद भी अभी तक इस चौराहे का स्थायी हल नहीं निकल सका है, आए दिन यहां पर बार-बार जाम लगता है। शहर के अलीपुर, पुराना बस स्टैंड, भोपाल नाका, कॉलोनी चौराहा, मंडी गेट क्षेत्र में भी बेपनाह अतिक्रमण है। इधर ठेले खड़े रहते हैं लेकिन नगर पालिका मात्रा कभी-कभी औपचारिकता निभाती है ठेले वालों के कारण आए दिन कन्नौद मार्ग पर जाम का सामना करना पड़ता है। सीएमओ राजेश सक्सेना ने इस मामले में कहा है कि हम लगातार शहर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम चला रहे है। जहां भी जानकारी मिलती है, वहां का अतिक्रमण तुरंत हटा देते हैं।

# जिस विभाग के भरोसे 300 गांव के किसान उसमें नहीं हैं स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खेती को बढ़ावा देकर किसानों को उन्नतिशील बनाने का जमकर ढिंढोरा पीटा जा रहा है, लेकिन जमीनी हालत यह है कि जिस कृषि विभाग के भरोसे किसान है, उसकी ही हालात खराब पड़ी है। आष्टा कृषि विभाग में जरूरत का औसत एक तिहाई स्टॉफ नहीं है, जिससे कैसे समय पर फसलों का सर्वे कार्य और किसानों को जानकारी मिलती होगी अंदाजा लगा सकते हैं। यह स्थिति पिछले कई साल से चली आ रही है पर कुछ नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार आष्टा कृषि विभाग से 144 ग्राम पंचायत के तहत आने वाले 300 गांव जुड़े हैं। शासन की कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कृषि विभाग के भरोसे है, लेकिन विभाग स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है। वर्तमान में एसएडीओ को मिलाकर कुल करीब 27 पद है, जिसमें से आधा स्टाफ भी नहीं है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रूरल एग्रीकल्चर डेव्लपलमेंट ऑफिसर को एक सप्ताह के अंदर एक गांव में जाना जरूरी रहता है, लेकिन वर्तमान स्थित में ऐसा संभव ही नहीं हो रहा है। आष्टा क्षेत्र में औसत 50 गांव पर एक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी है, जिससे वह क्षेत्र को कवर ही नहीं कर पाते हैं। ऐसे में कई बार तो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को गांवों में पहुंचने में दो से तीन महीने तक का समय लग जाता है, जिससे किसान योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा अन्य कार्य भी नहीं हो पाते हैं। कृषि विभाग के अनुसार आष्टा विकासखंड में करीब 90 हजार हेक्टेयर जमीन में खेती होती है। कई जागरूक किसान कृषि विभाग से ही शासन की योजना और अन्य जानकारी प्राप्त कर खेती करते हैं। वर्तमान हालात में उनको समय पर जानकारी नहीं मिल रही है। विभाग में स्टॉफ बढ़ता है तो कामकाज समय पर होंगे ही वही किसानों को भी कृषि संबंधी सभी जानकारी प्राप्त हो सकेगी। विभाग की तरफ से उच्च स्तर पर कई बार इसके लिए पत्र लिखा गया है, लेकिन आज तक रिक्त पदों पर भर्ती नहीं हो सकी है। कई पदों पर तैनात अफसर रिटायर्ड हो गए, लेकिन उनके स्थान पर भी कोई नहीं आया है। बीएस मेवाड़ा, एसएडीओ कृषि विभाग आष्टा ने बताया कि हमारी तरफ से रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए उच्च स्तर पर अवगत करा दिया है।

## मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे अवैध कॉलोनीवासी, लाखों की राजस्व की हो रही हानि

# नगर में अवैध कॉलोनियों का मकड़ जाल, खेती की जमीन प्लाट में तब्दील कर बेची जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में कानून पास किया और कानून के पालन करने वालों को निर्देश जारी किए की अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत किसी भी हालत में अवैध कॉलोनी का निर्माण नही होने दें, न ही कृषि भूमि को छोटे छोटे प्लाट के रूप में विक्रय भी नहीं होने दें। लेकिन सारंगपुर तहसील के ग्रामीण इलाकों सहित नगर में खुलेआम मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में बिना डायवर्सन, एनओसी, टीएनसी किए बिना ही जमकर प्लाट की खरीदी बिक्री जारी है। सूत्रों की माने तो नगर के आसपास कई कृषि भूमि में अवैध मनमाने तरीके से प्लाट की खरीदी बिक्री हो चुकी है। इतना ही नहीं उनमें कुछ प्रधानमंत्री आवास के मकान तक बन गए हैं । जहां मकान बने हैं वह मूलभूत सुविधा का नामो निशान तक नही है और भविष्य में मूलभूत सुविधा के लिए किसी भी प्राकर की संभावना भी नही है।

हद तो तब हो गई की नगर की एक अवैध कॉलोनी पर स्थानीय प्रशासन द्वारा सूचना पटल लगाकर खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई थी लेकिन आज उसी कॉलोनी में इक्का दुक्का प्लाट ही बचे होंगे। अधिकांश प्लाटो की खरीदी बिक्री हो चुकी हैं ऐसे में मनमाने प्लाटों की खरीदी बिक्री पर बन रहे आवासों में रहने वाले व्यक्तियों को मूलभूत सुविधा कैसे मिलेगी। इतना ही नही इन प्लाटो की खरीदी बिक्री में सिर्फ पंजीयन शुल्क ही लगा बाकी डायवर्सन एनओसी में लगाने वाला राजस्व गायब हो गया। बिना डायवर्सन के नगर के आसपास प्रतिदिन प्लाट की खरीदी बिक्री जारी है।

### स्थल निरीक्षण करे बिना ही हो रही रजिस्ट्री



मध्य प्रदेश शासन द्वारा जमीन मकान खरीदी बिक्री के पंजीयन कराने के लिए ऑनलाइन सिस्टम जारी किया है, ताकि किसी भी प्राकर की गड़बड़ी या राजस्व की हानी न हो ऐसे में उक्त दस्तावेज के पंजीयन कराने के लिए बनाए गए नियमो की नगर में खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं।

#### मिली भगत से चल रहा खेल

नगर में मनमाने तरीके से मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में जमीन मालिक एवं उसके साथी जो अपने आपको कालोनाइजर घोषित कर चुके हैं, उनके द्वारा संबंधित क्षेत्र के स्थानीय अधिकारी से मिलकर खुलेआम प्लाटो की खरीदी बिक्री कर रहे हैं। अगर ऐसा नहीं तो फिर किसके इशारे पर अवैध रूप से काटी गई कालोनियों का मकड़ जाल कैसे पनप रहा है।

#### आसान किस्तों में बिक रहे प्लाट

नगर में कई जगह आसान किश्तो पर प्लाट उपलब्ध हैं लेकिन जहा प्लाट उपलब्ध हैं वह मूलभूत सुविधा की कोई ग्रारंटी नही है फिर भी भोले भाले लोगों को मूलभूत सुविधा दिलवाने की मौखिक शर्त पर किस्तों में प्लाट थमा रहे हैं।

**कार्रवाई की जाएगी...**

जानकारी मिली है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
**मनोज शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर।**

---

## सरपंचों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण किया गया दर्ज

# समय पर फाइल नहीं खोलने के विरोध में जनपद में सरपंचों ने की तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सरपंच संघ अध्यक्ष ने तालाबंदी के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की पिछले दो वर्षों से पंचायत में विकास कार्य के लिए जनपद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। किसी भी विकास निर्माण कार्य की फाइल समय पर नहीं खुलती है। इस कारण हम किसी भी प्रकार का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। जब तक जनपद के इंजीनियरों का स्थानांतरण नही होता तब तक हम आंदोलन करते रहेंगे। आंदोलन के बाद भी हमारी नहीं सुनी गई तो जिला एवं प्रदेश स्तर पर भी जरूरत पड़ी तो आंदोलन करेंगे। इधर जनपद में की गई तालाबंदी के विरोध में जनपद पंचायत की और से थाना सारंगपुर में आवेदन देकर सरपंचों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया गया।

जनपद के आवेदन पर थाना सारंगपुर में शासकीय कार्य में बाधा के तहत ग्राम पंचायत सुल्तानिया के सरपंच जितेंद्र हथिया सहित तीन अन्य सरपंच जिसमें जय सिंह राजपूत गायन, सतीष शर्मा दराना, भंवरलाल सेन पाडली के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामला जांच में लिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी सरपंच को हिरासत में नहीं लिया गया।

**इनका कहना है...**

जनपद के आवेदन पर चार ग्राम पंचायत के सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।
**संतोष सिंह बाघेला, थाना प्रभारी सारंगपुर**

---

## विहिप, बजरंगदल ने किया प्रदर्शन

# आतंकवाद का पुतला फूंक कठोरतम कानून बनाने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिवस वैष्णोदेवी जा रही श्रृद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला हुआ था। आतंकवादी बस पर तब तक गोलियां बरसाते रहे जब तक उन्हें तसल्ली नहीं हो गई कि इसमें कोई जिंदा बचा होगा। इस्लामी जिहादी आंतकवादियों द्वारा किए गए इस कायराना हमले के विरोध में बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल द्वारा आतंकवाद का पुतला फूंका गया। खिलचीपुर नाके पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इसके उपरांत विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इस तरह की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए कठोरतम कानून की मांग की।


---

# उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित

**इकलेरा।** जन शिक्षा केंद्र इकलेरा के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों की उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ब्लॉक समन्वयक राहुल पराशर के निर्देशन में संकुल सह समन्वयक लोकेंद्र सिंह राजपूत द्वारा बैठक रखी गई। बैठक में निम्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई जिसमें साक्षरता परीक्षा की अंक सूची वितरण, आसाक्षर सर्वे को ऑनलाइन इंट्री करना, आगामी परीक्षा के संबध में चर्चा की गई। बैठक में संकुल के सभी संस्था प्रभारी उपस्थित हुए जिसमें पर्वत सिंह अहिरवार, अर्जुन सिंह मंडल, कृष्ण कुमार चिरोडिया, रूपेश कुमार, पुरषोत्तम विश्वकर्मा, राधे श्याम भिलाला, भगवान सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण महोबे, भेरू सिंह मीना, जेपी वर्मा, विनोद पाटीदार, रोड़ी लाल सूर्यवंशी आदि संस्था प्रभारी उपस्थित थे।

---

# अनदेखी से हरे-भरे पेड़ चढ़ रहे आरा मशीन की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अक्सर देखने में आता है कि बारहमास पौधरोपण का कार्यक्रम निर्बाध गति से जारी रहता है और फोटो सेशन भी जोर-शोर से होता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि यह पेड़ पौधे जाते कहां हैं जो पड़ताल का कारण बना हुआ है। नगर सहित आसपास ग्राम पचायतों में हरे-भरे पेड़ चढ़ रहे हैं आरा मशीन की भेंट। प्रशासन के अधिकारियों कि अनदेखी से हरे भरे पेड़ कटते रहते हैं एवं ट्रैक्टरों से भरकर आरा मशीन तक पहुंचकर जलाऊं लकड़ी के रूप में बनी जाते हैं। देखा जाता कि जनप्रतिनिधि से लेकर कर्मचारी वर्ग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग सभी को देख लो सभी प्रकार के विभागों द्वारा पौधरोपण किया जाता है यही नहीं एक निश्चित टारगेट के अनुसार पौधे लगाए जाते हैं जो संख्या बल में 20 हजार पौधे लगा दिए 25 हजार लगा। जिस भी संस्था द्वारा पौधे लगाए जाते हैं। पौधे लगाने के बाद कौन उनकी देखरेख करता है यह केवल औपचारिकता बतौर दिखावा किया जाता है।

---

## बाइक सवारों के साथ अक्सर हो रहे हादसे

# बीच में से धंस रही हाईवे के बाइपास की डामरीकृत सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर से होकर निकले हाईवे के बाइपास की डामरीकृत सड़क इन दिनों बाइक चालकों की परेशानियों एवं हादसों का कारण बनी हुई है। सड़क का एक ही तरफ का डामरीकृत हिस्सा ऐसा धंसने लगा है जैसे सड़क दो टुकड़ों में बंट रही हो। सड़क के धंसने से बाइकें असंतुलित हो रही हैं और चालक परेशानियां उठा रहे हैं।

हाईवे की सड़क धंसने का यह नजारा स्थानीय बिरसा मुंडा चौराहे पर कांग्रेस कार्यालय के ठीक सामने से शुरू होता है। यहां से करीब डेढ़ सौ मीटर की सड़क का एक तरफ के हिस्से का डामर बहुत ज्यादा धंस चुका है। दूसरे शब्दों में कहें तो डामर के नीचे की जमीन ने बैठक ले ली है। ऐसे में डामर स्वतः ही नीचे जा चुका है। चूंकि, सड़क के एक ही तरफ के हिस्से में धंसने के कारण बाइक चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।



#### एमपीआरडीसी के अधीन आता है यह हाईवे

शहर के बीच से होकर गुजरा हाईवे का बाइपास एमपीआरडीसी (मप्र सड़क विकास निगम) के अधीन आता है। चूंकि, एमपीआरडीसी का जिले में कोई दफ्तर या अधिकारी पोस्टेड नहीं है। ऐसे में इस बड़ी कमी पर किसी अधिकारी ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। इसे रिपेयर करवाने का जिम्मा टोल वसूल रही कंपनी का है लेकिन टोल कंपनी के जिम्मेदार लोग भी इस ओर से आंखे मूंदे बैठे हुए हैं।

**इनका कहना है...**

मैं इसे चेक करवाकर रिपेयर करवाने के लिए बोलती हूं।
**- सोनल सिन्हा, संभागीय अधिकारी, एमपीआरडीसी, भोपाल**

---

# नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई के बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर को किया चेक

**सारंगपुर।** नारकोटिक्स विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर ने सारंगपुर के मेडिकल का निरीक्षण किया तथा कुछ मेडिकल स्टोर पर जांच भी की सारंगपुर नगर में करीब 5 दर्जन मेडिकल स्टोर संचालित है इन मेडिकलों की जांच करने के लिए जिला स्तर पर ड्रग इंस्पेक्टर तैनात है। लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर सारंगपुर कब आते हैं कब जाते हैं क्या कार्य करते हैं। इस बात की खबर ड्रग इंस्पेक्टर और मेडिकल संचालक को ही रहती है। इसके अलावा किसी को कोई खबर नहीं होती है। यही कारण है कि हाल ही में एक मेडिकल एजेंसी संचालक के खिलाफ नारकोटिक्स विभाग ने बड़ी कार्रवाई की उसके बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर सारंगपुर आए और कुछ मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। क्या कार्यवाही की इसकी कोई जानकारी मीडिया को नही दी। इस संबंध में जब जिला स्वास्थ्य अधिकारी से बात करना चाही तो उन्होंने कहा मैं अभी मीटिंग में हूं।

---

# ओल्ड एबी रोड के चौड़ीकारण के लिए राज्यमंत्री टेटवाल ने की लोक निर्माण मंत्री से मुलाकात



**सारंगपुर।** नगर के बीचों बीच से निकले ओल्ड एबी रोड के सौंदर्यकरण एवं चौड़ीकारण के लिए मंगलवार को राज्यमंत्री गोतम टेटवाल ने प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात कर नगर सारंगपुर के मध्य से निकले पुराने नेशनल के चौड़ीकारण और मजबूतीकरण करने, रेस्ट हॉउस निर्माण, विभिन्न ग्रामीण सड़को के निर्माण एवं क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों के संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पचोर नपा अध्यक्ष विकास करोडिया सहित भाजपा नेता उपस्थित थे।

---

# 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दो बदमाशों ने की ठगी, 5 ग्राम के कान के टॉप्स लेकर हुए फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर के भोजपुर नाका के पास स्थित लाल दास मंदिर पर सुबह 9 बजे एक वृद्ध महिला उम्र 70 साल निवासी खिलचीपुर वार्ड क्रमांक-5 के साथ दो बदमाशों ने ठगी कर कान से महिला के एक जोड़ टॉप्स सोने के लगभग 5 ग्राम कीमत 35 से 40 हजार के लगभग की रकम लेकर फरार हो गए। बुजुर्ग महिला अपने परिजनों के साथ हुई घटना की रिपोर्ट करने थाने पहुंची। महिला संपतबाई पति रोडमल मालवीय निवासी वार्ड नं 5 मालवीय मोहल्ला ने बताया कि में रोज सुबह भगवान लाल दास जी के मंदिर पर पूजा अर्चना करने जाती हूं , बुधवार सुबह 9 बजे के लगभग दो लोग लाल दास जी के मंदिर पर दर्शन करने आए और मुझ से बोला कि प्रमाण माता जी और तीन बार मेरे पैर छुये उन लोगों ने मुझसे से बोला की माता जी आप 1000 रुपए ले लो और सोने के टॉप्स निकाल कर भगवान की मूर्ति को टच करना है तभी लाल कपड़े में बांध कर भगवान की मूर्ति के पास रख दिये और उसके बाद कैसे गायब हो गए कुछ पता नहीं चला। जिसकी सूचना हमने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज चेक करवाए गए। हाल फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे जांच कर रही है। बुजुर्ग महिला के साथ बदमाशों ने चाल खेल कर इस घटना को अंजाम दिया है। भोली-भाली महिला उन बदमाशों की बातों में आ गई ओर यह घटना घटी।

**जांच करवा रहे**

उक्त महिला के साथ ठगी हुई है जिसकी हम जांच करवा रहे हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी चेक करवा रहे हैं जिन लोगों ने ठगी की है उन्हें पड़कर कार्रवाई की जाएगी।
**आरएस धाकड़, टीआई थाना खिलचीपुर**

---

## आरसेटी के माध्यम से लिया है 30 दिवसीय प्रशिक्षण

# वस्त्र सिलाई प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को दिए प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आरसेटी राजगढ़ द्वारा विभिन्न रोजगारों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करवाया जाता है। इसी कड़ी में यहां 30 दिवसीय महिला वस्त्र सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 25 युवतियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण समापन होने पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर प्रमाण-पत्रों का वितरण किया।

कलेक्टर ने महिलाओं द्वारा सिले गए वस्त्रों की गुणवत्ता की सराहना की एवं काम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बैंक ऑफ इंडिया के जिला प्रबंधक नंदकिशोर पाटीदार ने प्रशिक्षणार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के प्रति आष्वस्त किया। संस्थान निदेश राहुल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अतिथि शिक्षिका पूनम मेवाड़े, देवराज सिंह, देवराज दांगी सहित आरसेटी का स्टाफ उपस्थित रहा।

---

## नमामि गंगे परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

# नमामि गंगे जल संवर्धन के तहत पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लें: राज्यमंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



जनपद पंचायत सारंगपुर के तत्वावधान में नमामि गंगे परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर जनपद पंचायत के मीटिंग हॉल में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि जल के संरक्षण के लिए सरकार ने इस नमामि गंगे जल संवर्धन अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत शासकीय कार्यालय स्कूल-कॉलेज में विद्यार्थियों से पौधे लगवाएं जायें एवं विद्यार्थी उनके बड़ा होने तक उनके संरक्षण का संकल्प लें। वहीं ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के समस्त तालाब, कुएं, बावड़ी व अन्य सभी जल स्त्रोतों में बृहद स्तर पर सफाई व गहरीकरण का कार्यक्रम प्रारम्भ किया जावे जिसमें क्षेत्र के सभी वयस्क, वृद्ध, महिलाएं एवं बच्चों में जल ही जीवन है के प्रति जन जागरण अभियान प्रारंभ किया जाए। जल प्रदूषण से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाई जाए। जल है तो कल है इस मूल मंत्र के साथ जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने को लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर के प्रत्येक वार्ड में जागरूकता अभियान चलाया जाए।

---

# मोती तालाब का भूमिपूजन कर तालाब गहरीकरण का कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



मध्य प्रदेश शासन द्वारा जल एवं जल स्त्रोतों की साफ सफाई, संरक्षण के लिए प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है। जिसमें अभियान का उद्देश्य प्रदेश में नदी तालाब कुआ, बावड़ी आदि जल स्त्रोतों को साफ स्वच्छ व गहरीकरण एवं संरक्षण करना है। आम नागरिकों को भी जल संरक्षण व पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है।

इस अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर के डग रोड बालाजी मंदिर के समीप प्राचीन मोती तालाब के गहरीकरण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पार्षद बंकट माहेश्वरी, शिव मंडलोई संजय भावसार, कुशल कुशवाह कमल झावा, दीपक मंडलोई आदि जनप्रतिनिधि और तहसीलदार आरपी सिंह सीएमओ मेहमूद अली खान और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। विधायक ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों से क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोत एवं जल संरक्षण की अपील की और उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित।

इस अवसर पर नगर परिषद देवनारायण दांगी, ब्रजेश उपाध्याय, रमेश मालवीय ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, आजाद झावा, भगवान सिंह परिहार, राकेश मंडलोई, जितेंद्र तिवारी, राजेंद्र सिंह भाटी, मनीष कौशिक, कृष्णकांत मुंदड़ा, जसवंत सिंह, विजय गुप्ता, हेमराज दांगीआदि कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे। जिस तालाब का गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन हुआ उस काम को लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चा चली कि मोती तालाब में गहरीकरण कि आवश्यकता नहीं है वहां पुर्व से किसानों द्वारा मिट्टी निकाली गई है तथा सुसनेर जीरापुर सड़क निर्माण के समय भी इस तालाब का गहरीकरण कार्य हुआ है।